संख्या–cm-503
06/10/2025

# 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना' के तहत अबतक 1 करोड़ 21 लाख लाभुक महिलाओं के खाते में 10 हजार करोड़ रूपये की राशि की गयी अंतरित

- **मुख्यमंत्री ने आज 21 लाख लाभुक महिलाओं के खाते में 10 हजार रूपये प्रति लाभुक की दर से 2100 करोड़ रूपये की राशि का किया अंतरण**

पटना, 06 अक्टूबर 2025 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज 1, अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' से 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना' की 21 लाख लाभुक महिलाओं के खाते में 10 हजार रूपये प्रति लाभुक की दर से 2100 करोड़ रूपये की राशि का अंतरण किया।

ज्ञातव्य है कि मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार की उपस्थिति में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के कर कमलों द्वारा 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना' का शुभारंभ 26 सितम्बर 2025 को किया गया था, उस दिन 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार' योजना के अंतर्गत राज्य की 75 लाख महिला लाभुकों को 10 हजार प्रति लाभुक की दर से 7500 करोड़ की राशि डी0बी0टी0 के माध्यम से हस्तांतरित की गयी थी। 03 अक्टूबर 2025 को मुख्यमंत्री द्वारा 25 लाख महिला लाभुकों को 10 हजार रूपये प्रति लाभुक की दर से 2500 करोड़ रूपये की राशि डी0बी0टी0 के माध्यम से अंतरित की गयी थी। आज के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा 21 लाख महिला लाभुकों को 10 हजार रूपये प्रति लाभुक की दर से 2100 करोड़ रूपये की राशि डी0बी0टी0 के माध्यम से अंतरित की गयी। अब तक कुल 1 करोड़ 21 लाख लाभुक महिलाओं के खाते में 10 हजार करोड़ रूपये की राशि अंतरित की गयी है।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना' का मुख्य लक्ष्य राज्य के सभी परिवारों की एक महिला को उनकी पसंद का रोजगार शुरू करने के लिए आर्थिक सहायता देना है। इसके तहत आर्थिक सहायता के रूप में 10000 रु० की प्रारंभिक राशि दी जाएगी। महिलाओं द्वारा रोजगार शुरू करने के बाद आकलन कर 2 लाख रु० तक की अतिरिक्त वित्तीय सहायता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि इस योजना के क्रियान्वयन से न सिर्फ महिलाओं की स्थिति और ज्यादा मजबूत होगी बल्कि राज्य के अंदर ही रोजगार के बेहतर अवसर मिलेंगे। महिलाएं आत्मनिर्भर होंगी। स्वावलंबन एवं आत्मनिर्भरता पर केंद्रित इस योजना के माध्यम से राज्य एवं देश के आर्थिक विकास को बल मिलेगा।

इस अवसर पर 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना' पर आधारित एक लघु फिल्म की प्रस्तुति की गई।

कार्यक्रम में ग्रामीण विकास विभाग के सचिव श्री लोकेश कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री को हरित पौधा भेंटकर उनका स्वागत किया।

*आज के कार्यक्रम में 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना' की लाभार्थी श्रीमती ललिता सिंह जो बांका जिला की रहनेवाली हैं और शीतला जीविका समूह से जुड़ी जीविका दीदी हैं, वो वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ी हुयी थीं। श्रीमती ललिता सिंह ने मुख्यमंत्री के समक्ष अपना अनुभव साझा करते हुये बताया कि जीविका समूह से जुड़ने के बाद मेरे जीवन में व्यापक बदलाव आया है। जीविका से जुड़ने के साथ ही 10 हजार रूपये कर्ज लिया और सिलाई मशीन खरीदकर अपने परिवार का भरण पोषण शुरू किया। नीतीश भैया के कारण हमारे परिवार का जीवन–यापन अच्छे ढंग से हो रहा है। हमलोगों के जीवन में जो बदलाव आया है, वो मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी की देन है। मुख्यमंत्री श्री नीतीश कमार के चलते हम बेटी, बहनों को समाज में काफी सम्मान मिल रहा है। मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना के तहत 400 रूपये से 1100 रूपये मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने कर दिया है जिससे मेरे सास–ससुर को 1100 रूपये मिल रहे हैं। मुझे उनकी दवा और अन्य जरूरतों के लिये पैसा खर्च नहीं करना पड़ता है। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत जो मुझे 10 हजार रूपये की राशि प्राप्त हुयी है उसका उपयोग एक और सिलाई मशीन लेकर करूँगी जो दो लाख रूपये और प्राप्त होगा उससे एक सिलाई सेंटर खोलूँगी और अपने यहां 15–20 महिलाओं को रोजगार दूँगी। मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार भैया को बहुत–बहुत धन्यवाद देती हूँ।*

*'मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना' की लाभार्थी श्रीमती संगीता देवी जो मुजफ्फरपुर जिला की रहनेवाली हैं और गंगा जीविका समूह से जुड़ी जीविका दीदी हैं, वो वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ी हुयी थीं। श्रीमती संगीता देवी ने मुख्यमंत्री के समक्ष अपना अनुभव साझा करते हुये बताया कि जीविका समूह से जुड़ने के बाद मेरे जीवन में व्यापक बदलाव आया है। जीविका से जुड़ने के साथ ही 50 हजार रूपये कर्ज लिया और दो कट्ठा में सब्जी की खेती शुरू की और अपने परिवार का भरण पोषण शुरू किया। मवेशी खरीदी और दूध सेंटर चलाकर अपनी आमदनी बढ़ाई। मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी का हमारे परिवार को बढ़ाने में बहुत बड़ा योगदान है। हमारी एक बेटी इंटर पास की तो उसे 25 हजार रूपये और दूसरी बेटी जो ग्रेजुएशन पास की उसे 50 हजार रूपये की राशि मिली। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत जो मुझे 10 हजार रूपये की राशि प्राप्त हुयी है उसका उपयोग कर अपनी आय को और बढ़ाऊँगी और जो दो लाख रूपये और प्राप्त होगा उससे आस–पास के लोगों को भी रोजगार दूँगी। सबका साथ और सबका विकास होगा तो राज्य की तरक्की होगी। श्री नीतीश कुमार के मुख्यमंत्री बनने के बाद हमारी बहू–बेटी सुरक्षित जीवन–यापन कर रही हैं। आपने महिलाओं का सम्मान बढ़ाया है। आपको तहे दिल से धन्यवाद।*

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, ग्रामीण विकास मंत्री श्री श्रवण कुमार, भवन निर्माण मंत्री श्री जयंत राज, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत, विकास आयुक्त डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, ग्रामीण विकास विभाग के सचिव श्री लोकेश कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ0 चन्द्रशेखर सिंह, जीविका के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी श्री हिमांशु शर्मा, जीविका की अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी श्रीमती अभिलाषा कुमारी शर्मा सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे जबकि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के जिलाधिकारी, लाभार्थी एवं गणमान्य व्यक्ति जुड़े हुये थे।

******